# अध्याय 6 – हमारा देश : भारत

**हमारा देश भारत :-**

भारत एक बहुत बड़े भौगोलिक विस्तार वाला देश है। उत्तर में यह हिमालय के ऊँचे शिखरों से घिरा है। पश्चिम में अरब सागर , पूर्व में यह बंगाल की खाड़ी तथा दक्षिण में हिंद महासागर भारतीय प्रायद्वीप के तटों पर लहराते हैं।

भारत का क्षेत्र फल 32.8 लाख किमी. है। उत्तर में कश्मीर से लेकर दक्षिण में कन्याकुमारी तक इसका विस्तार लगभग 32,00 किमी. है तथा पूर्व में अरुणाचल प्रदेश प्रदेश से लेकर पश्चिम में कच्छ तक इसका विस्तार लगभग 29,00 किमी. तक है।

**भारत की स्थिति :-**

भारत उत्तरी गोलार्ध में स्थित है। कर्क रेखा (23.30'उ.) देश के लगभग मध्य भाग से होकर गुजरती है। दक्षिण स उत्तर की ओर भारत की मुख्य भूमि का विस्तार 8.4 'उ. तथा 37.6 'उ. अक्षांशो के बीच है। पश्चिम से लेकर पूर्व तक भारत का विस्तार 68.7 'पू. तथा 97.25 'पू. देशांतरों के बीच है।

देशांतरीय विस्तार लगभग 29 के कारण यहाँ के दो छोर पर पर स्थित स्थानों के स्थानीय समय में बहुत अधिक अंतर् हो सकता था। इस तरह की दुरी पर स्थित दो स्थानों के बीच समय का अंतर् लगभग दो घंटे का होगा। प्रत्येक 1 देशांतर के लिए स्थानीय समय में 4 मिनट का अंतर होता है।

पश्चिम में गुजरात के अपेक्षा पूर्व के अरुणाचल प्रदेश में सूर्योदय लगभग दो घंटे पहले होता है।

**राजनीतिक एवं प्रशासनिक विभाजन :-**

भारत एक विशाल देश है। प्रशासनिक क्रियाकलापों के लिए देश को 28 राज्यों एवं 8 केन्द्रशसित प्रदशों में बाँटा गया है। 2 जून 2014 को तेलंगाना भारत का 29 वां राज्य बना। पहले यह आंध्र प्रदेश का एक भाग था।

भारत की राजधानी – नई दिल्ली है। राज्यों का निर्माण मुख्यत: भाषाओं के आधार पर हुआ है। क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य राजस्थान तथा सबसे छोटा राज्य गोवा है। राज्यों को जिलों में बाँटा गया है।

**भौतिक विभाजन :-**

भारत में भौतिक आकृतियाँ विभन्न प्रकार की है ; जैसे – पर्वत , पठार , मैदान , तट तथा द्वीपसमूह।

भारत के उत्तर में हिमालय है। हिम +आलय का मतलब होता है बर्फ का घर।

भारत के पश्चिमी भाग में भारतीय महामरूस्थल स्थित है।

उत्तरी मैदानों के दक्षिण में प्रायद्वीपीय पठार स्थित है।

पश्चिमी घाट के पश्चिम में तथा पूर्वी घाट के पूर्व में तटीय मैदान स्थित हैं।

गंगा एवं ब्रह्मपुत्र नदियाँ विश्व के सबसे बड़े डेल्टा का निर्माण करती है , जिसे सुंदरबन डेल्टा कहा जाता है।


https://www.evidyarthi.in

भारत में दो द्वीपसमूह हैं :-

लक्षद्वीप द्वीपसमूह अरब सागर में स्थित हैं।

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह भारत से दक्षिण-पूर्व दिशा में बंगाल की खाड़ी में स्थित हैं।

**क्र. सं. राज्य राजधानी**

1 आंध्रप्रदेश – अमरावती
2 अरुणाचल प्रदेश – ईटानगर
3 असम – दिसपुर
4 बिहार – पटना
5 छत्तीसगढ़ – रायपुर
6 गोवा – पणजी
7 गुजरात – गांधी नगर
8 हरियाणा – चण्डीगढ़
9 हिमाचल प्रदेश – शिमला
10 झारखंड – रांची
11 कर्नाटक – बेंगलुरु
12 केरल – तिरुवनंतपुरम
13 मध्य प्रदेश – भोपाल
14 महाराष्ट्र -मुंबई
15 मणिपुर – इम्फाल
16 मेघालय – शिलोंग
17 मिज़ोरम – आइज़ोल
18 नागालैंड -कोहिमा
19 ओडिशा -भुवनेश्वर
20 पंजाब -चण्डीगढ़
21 राजस्थान – जयपुर
22 सिक्किम – गगंटोक
23 तमिलनाडु – चेन्नई
24 तेलंगाना – हैदराबाद
25 त्रिपुरा – अगरतला
26 उत्तरप्रदेश -लखनऊ
27 उत्तराखंड – देहरादून
28 पश्चिम बंगाल – कोलकाता

**क्र. सं. केंद्र शासित प्रदेश राजधानी**

1 अंडमान और निकोबार द्वीप – पोर्ट ब्लेयर
2 चंडीगढ़ – चंडीगढ़
3 दिल्ली – दिल्ली


https://www.evidyarthi.in

4 लद्दाख – लेह
5 लक्षद्वीप – कवरत्ती
6 पुडुचेरी – पुडुचेरी

7 दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव दमन

8 जम्मू और कश्मीर (गर्मियों में) **श्रीनगर** और (सर्दियों में) **जम्मू**

देश के अन्य नाम – **हिन्दुस्तान, इंडिया, आर्यव्रत , भारत**

देश की राजधानी – **नई दिल्ली**

देश का क्षेत्रफल – **32,87,263**

भारत की राष्ट्रभाषा – **हिंदी**

कुल राज्य – **29**

केंद्र शासित प्रदेश – 7

कुल जिले – **640**

कुल गाँव – **6.40 लाख (लगभग)**

देश का अक्षांशीय विस्तार – **84०उत्तरी अक्षांश से 37०6’ उत्तरी अक्षांश तक**

देश का देशान्तरीय विस्तार – **68०7’ पूर्वी देशांतर से 97०25’पूर्वी देशांतर तक**

पूर्व से पश्चिम तक देश का विस्तार – **2,934 कि. मी.**

उत्तर से दक्षिण तक देश का विस्तार – **3,21,4 कि. मी.**

मानक समय के लिए चयनित स्थान – **इलाहबाद**

देश के दक्षिण छोर से भूमध्य रेखा की दूरी – **876 कि.मी.**

देश की मुख्य भूमि पर सबसे दक्षिणी छोर – **कन्याकुमारी**

भारत की स्थलीय सीमा कुल लम्बाई – **15,200 कि. मी.**

भारत की सीमा से सटे देश – **नेपाल, भूटान, चीन, श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार, पाकिस्तान**

भारतीय सीमा को स्पर्श करनेवाला सागर तथा समुद्र – **हिन्द महासागर, अरब सागर , बंगाल की खाड़ी**

राष्ट्रीय आदर्श शब्द – **सत्यमेव जयते**

राष्ट्रीय फल – **आम**


https://www.evidyarthi.in

राष्ट्रीय फूल – **कमल**

राष्ट्रीय खेल – **हॉकी**

सबसे अधिक वर्षा का स्थान – **मसिनारम (मेघालय)**

सर्वाधिक घनी आबादी वाला राज्य – **बिहार**

सबसे अधिक वनों वाला राज्य – **असम**

सबसे अधिक जनसंख्या वाला नगर – **मुम्बई**

सबसे पूर्वी राज्य – **अरूणाचल प्रदेश**

सबसे पश्चिमी राज्य – **गुजरात**

सबसे उत्तरी राज्य – **कश्मीर**

सबसे दक्षिणी राज्य – **तमिलनाडू**

सर्वाधिक गानों वाली फिल्म – **इन्द्रसभा (1933)**

सबसे तेज गति से चलनेवाली रेलगाड़ी – **शताब्दी एक्सप्रेस (नई दिल्ली से भोपाल)**

सबसे महँगा नगर – **बैंगलोर**

सर्वाधिकार प्रदूषण फ़ैलाने वाला शहर – **कलकाता**

भारत की कुल भाषाएँ – **1952 (लगभग)**

सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान – **भारत रत्न**

सर्वाधिकार अनूसूचित जाति वाला राज्य – **उत्तर प्रदेश**

सर्वाधिक अनूसूचित जनजाति वाला राज्य – **मध्यप्रदेश**

सर्वाधिक साक्षरता वाला राज्य – **केरल (93.91 प्रतिशत)**

सबसे कम वर्ष का स्थान – **लेह**



https://www.evidyarthi.in